**दिनांक–09.03.2026 को अपराह्न 3.00 बजे से डा० दिलीप कुमार जायसवाल, माननीय मंत्री, पथ निर्माण विभाग की अध्यक्षता में दरभंगा विधान सभा क्षेत्र में चल रहे योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही :–**

उक्त बैठक में माननीय विधायक, श्री संजय सरावगी, दरभंगा की गरिमामयी उपस्थिति रही।

उपस्थिति :–

1. सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
2. अभियंता प्रमुख (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
3. अभियंता प्रमुख (मुख्यालय), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना
4. मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
5. मुख्य अभियंता, रा०उ०प०, उत्तर/दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, पटना।
6. मुख्य अभियंता (अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
7. मुख्य महाप्रबंधक, बिहार स्टेट रोड डेवलपमेन्ट कॉरपोरेशन लि०, पटना।
8. प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि०, पटना।
9. उप मुख्य अभियंता, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि०, पटना।
10. उप महाप्रबंधक, PIU, मुजफ्फरपुर।
11. वरीय परियोजना अभियंता, कार्य प्रमंडल, दरभंगा,
12. कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, दरभंगा, पथ निर्माण विभाग।

बैठक में माननीय मंत्री, पथ निर्माण विभाग, बिहार द्वारा दरभंगा विधान सभा क्षेत्र में चल रही विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई एवं निम्न निदेश दिये गये :–

1. **पथ प्रमंडल, दरभंगा अन्तर्गत शोभन चौक (NH-27) से अगरोपट्टी चौक मकिया (SH-52) पथ भाया गगौल, बरियौल, हरिहरपुर, चमनपुर, कलिगॉव, कनौट, बेलबारा, गौतमकुंड, जंगही टोला एवं बसैठा तक पथ (कुल लम्बाई–37.53 कि०मी०) का निर्माण कार्य**–यह कार्य 5.50 मी० चौड़ाई में प्रस्तावित है। माननीय विधायक, दरभंगा द्वारा उक्त पथ की चौड़ाई 7.00 मी० कराने हेतु माननीय मंत्री से अनुरोध किया गया।

   प्रशासनिक स्वीकृति के अनुज्ञेय सीमा के अन्तर्गत अग्रतर कार्रवाई कर एवं मानक के अनुरूप कार्य शीघ्र पूर्ण कराने का निदेश दिया गया।

   (अनुपालन–मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग)

2. **पथ प्रमंडल, दरभंगा अन्तर्गत CM Art College से नाका नं०–5 (CM Art College से दोनार रेलवे गुमटी तक पथ का अंश) तक पथ एवं नाला निर्माण कार्य (कुल लम्बाई–0.550 कि०मी०)**– माननीय विधायक, दरभंगा द्वारा अनुरोध किया गया है कि नाला निर्माण का कार्य सरकारी भूमि के अन्तर्गत किया जाय। नाला निर्माण हेतु अतिरिक्त भू–अर्जन न हो इसपर ध्यान रखा जाय।

नाला निर्माण कार्य road level में एवं load bearing cover के अनुसार कराने एवं आवश्कतानुसार पुनः प्राक्कलन तैयार करने का निर्देश दिया गया है।

3. पथ प्रमंडल, दरभंगा अन्तर्गत दरभंगा टावर से भगत सिंह चौक, पंसारी पेट्रोल पम्प होते हुए मिर्जापुर चौक एवं दरभंगा टावर से **PWD** मिलान बिन्दु तक एवं लालबाग पोस्ट ऑफिस से पूरब मुशासाह स्कूल **PWD** मिलान बिन्दु तक एवं नगर निगम से **LN Mishra** पथ तक चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य (कुल लम्बाई–2.70 कि०मी०)–कार्य में निष्पादन हेतु तीव्रता लाने का निर्देश दिया गया है।

4. पथ प्रमंडल, दरभंगा अन्तर्गत **PWD LN Mishra** पथ वैरोलिया निवास से परवा गद्दी होते हुए नाका नम्बर–04 से केला गद्दी होते हुए शिवाजी चौक एवं मशरफ बाजार चौक से दक्षिण नगर थाना **LN Mishra PWD** पथ तक एवं शिवाजी चौक से उत्तर डा० रामबाबू खैतान होते हुए गामी डिपार्टमेन्टल स्टोर के निकट **PWD** पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य (कुल लम्बाई–1.55 कि०मी०):– उपलब्ध सरकारी भूमि के अनुसार पथ का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा 600 मी० में सरकारी भूमि की अनुपलब्धता एवं स्थाई अतिक्रमण के कारण निर्माण कार्य नहीं हो सका है।

इस पर वन विभाग एवं जिला पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर परियोजना कार्य शीघ्र प्रारंभ करने का निर्देश दिया गया है। इसके अतिरिक्त परियोजना का कार्य कर रही एजेन्सी को कार्य के प्रति अनुत्तरदायित्व दिखाने पर कार्रवाई करने का निदेश दिया गया।

**(अनुपालन–कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, दरभंगा)**

5. दरभंगा–मुहम्मदपुर रेलवे स्टेशन में **ROB & its approaches** का निर्माण कार्य:–इस कार्य में भू–अर्जन व पूर्व मध्य रेलवे, हाजीपुर द्वारा Draft Design & Drawing में observation प्राप्त हुआ है, जिसका अनुपालन प्रक्रियाधीन है।

कार्य के शीघ्र निष्पादन हेतु BRPNNL के वरीय पदाधिकारियों को 7 दिन के अन्दर कार्य से संबंधित रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया है।

**(अनुपालन--प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि०)**

6. कक्करघाटी रेलवे स्टेशन के **ROB & its approaches** का कार्य:– यह कार्य पूर्व मध्य रेलवे, हाजीपुर के approval तथा वन विभाग से संबंधित NOC के कारण लंबित है।

कार्य में तीव्रता लाने हेतु वन विभाग एवं पूर्व मध्य रेलवे, हाजीपुर से समन्वय स्थापित करने का निदेश दिया गया है।

**(अनुपालन--प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि०)**

7. धलवारा–लहेरियासराय रेलवे स्टेशन के **ROB & ITS approachs** कार्य:– BRPNNL के वरीय पदाधिकारियों को कार्य के प्रति सतत निरीक्षण का निदेश दिया गया है।

माननीय विधायक, दरभंगा द्वारा पंडासराय Elevated Road हेतु BSRDCL एवं BRPNNL को संयुक्त निरक्षण एवं स्थल की समीक्षा कर अग्रतर कार्रवाई का निदेश दिया गया है।

**(अनुपालन–CGM, BSRDCL/MD, BRPNNL)**

8. BRPNNL, दरभंगा को गंगा सागर तालाब, हराही तालाब एवं दिघ्घी तालाब को मिलाने तथा इसे Tourist spot बनाने हेतु तालाब के ऊपर Steel Arch Bridge बनाने हेतु समीक्षा करने का निदेश दिया गया है।
9. निदेश दिया गया है कि सभी मुख्य अभियंता (रा०उ०प० सहित), पथ निर्माण विभाग/प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड/मुख्य महाप्रबंधक, बिहार स्टेट रोड डेवलपमेन्ट कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा अपने क्षेत्राधीन में कार्यान्वित परियोजनाओं से संबंधित वैसी परियोजनाएँ जो भू–अर्जन व भूमि अपयोजन एवं अन्य विभागों से अनापत्ति प्राप्त किये जाने के कारण लंबित है उनकी समेकित सूची बनाकर एक सप्ताह के अन्दर मुख्यालय को उपलब्ध कराये ताकि इस सूची को माननीय मंत्री महोदय के संज्ञान में लाया जा सके।
10. सभी संधारित पथों को मानक के अनुरूप संधारित रखने तथा कार्यों को विशिष्टियों के अनुरूप निष्पादन में तीव्रता लाने का निदेश दिया गया।

**धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त हुई।**

ह०/–
अभियंता प्रमुख (कार्य प्रबंधन)
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक–मु०अ०(अनु०) मा० उप मुख्यमंत्री/मंत्री बैठक-11/2023 (Part-II)- पटना, दिनांक

प्रतिलिपिः–माननीय मंत्री के आप्त सचिव/सचिव के आप्त सचिव/अभियंता प्रमुख (कार्य प्रबंधन) के आप्त सचिव/अभियंता प्रमुख (मुख्यालय) के आप्त सचिव/सभी मुख्य अभियंता (रा०उ०प०सहित)/क्षेत्रीय पदाधिकारी, NHAI/प्रबंध निदेशक, BRPNNL/मुख्य महाप्रबंधक, BSRDCL/नोडल पदाधिकारी, भू–अर्जन/मुख्य भू–अर्जन विशेषज्ञ/संयुक्त सचिव (प्रबंधन कोषांग)–सह–नोडल पदाधिकारी, इण्डो नेपाल/सभी अधीक्षण अभियंता (रा०उ०प०सहित)/सभी कार्यपालक अभियंता (रा०उ०प०सहित), पथ निर्माण विभाग, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/–
अभियंता प्रमुख (कार्य प्रबंधन)
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक–मु०अ०(अनु०) मा० उप मुख्यमंत्री/मंत्री बैठक-11/2023 (Part-II)- 2035 (E) पटना, दिनांक 23/3/26

प्रतिलिपिः–आई०टी० मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

23/03/26

अभियंता प्रमुख (कार्य प्रबंधन)
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।